दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-230, रविवार 21 अगस्त, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कालेज में शुरु हुई 38 वीं हरियाणा राज्य सीनियर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप

**बल्लभगढ़, 20 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा।** 38 वी हरियाणा राज्य सीनियर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ शनिवार को ऑनलाइन माध्यम से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ से हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य के 22 जिलों के 700 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वैदिक मंत्रों के उच्चारण सहित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा हरियाणा स्टेट योगा एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल ने की, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने शिरकत की ,कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योगा फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रेसिडेंट इंदु रही ।




डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि योग अपने आप में एक संपूर्ण स्वास्थ्य विद्या है, योग के माध्यम से हम अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोगी रख सकते हैं । डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने सभी खिलाड़ियों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले एवं अपने शरीर का भी पूर्ण तरह ध्यान रखें। अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप में चयनित होने वाले छात्रों को आगे आने वाली राष्ट्रीय स्तर योगासना स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा एवं हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा । प्रतियोगिता को 18 से 21 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 21 से 25 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 25 से 30 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 30 से 35 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला 35 से 45 आयु वर्ग पुरुष एवं महिला एवं 45 से अधिक आयु वर्ग में संपन्न किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संजीव पाठक, कृष्णा मूर्ति, प्रदीप, अरिंदम मित्रा, श्याम आर्य सहित समस्त निर्णायक मंडल रेफरी ऑफिशियल एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।